आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 03.11.2025   समय 1830

मुख्य समाचार :–

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राज्य विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया। पर्यावरण, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में राज्य की प्रगति की सराहना की।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता ही नहीं, प्रौद्योगिकी परिवर्तन का नेता भी बन चुका है। एक लाख करोड़ रुपये के अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना कोष का शुभारंभ किया।
- एफआरआई देहरादून में नौ नवम्बर को उत्तराखण्ड रजत जयंती उत्सव का मुख्य कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तैयारियों का निरीक्षण किया।
- चम्पावत जिले में यूसीसी के तहत शत–प्रतिशत पंजीकरण करने वाली 82 ग्राम पंचायतों को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति

उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज देहरादून स्थित राज्य विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले पच्चीस सालों में राज्य ने पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय प्रगति की है।
श्रीमती मुर्मु ने राज्य में महिला सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने राज्य विधानसभा में महिला सदस्यों की संख्या में वृद्धि की अपेक्षा भी की।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, नैनीताल राजभवन की स्थापना के 125 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में भी शामिल हुईं।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत अब तकनीक का सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि यह प्रौद्योगिकी परिवर्तन का नेता बन चुका है। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज उभरते विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी नवाचार सम्मेलन–2025 का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विश्व के सबसे अधिक सफल डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को देश में निर्मित किया गया है।
प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार देश में नवाचार का आधुनिक तंत्र निर्मित करने के लिए अनुसंधान को सुगम बनाने पर ध्यान केन्द्रित कर रही है।

साइकिल रैली

राज्य स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल ने आज डायजर नई टिहरी से एम.टी.बी. साइकिल रैली को चंबा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली– नई टिहरी, चम्बा, सुलियाधार, रामगांव, जाख और कोटी कॉलोनी तक निकाली गई, जिसमें 20 बच्चों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री निरीक्षण

उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आगामी नौ नवम्बर को एफआरआई, देहरादून में मुख्य राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज एफआरआई पहुंचकर कार्यक्रम की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, दर्शक दीर्घा, यातायात प्रबंधन, सांस्कृतिक मंच और स्वागत तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के सानिध्य में यह रजत जयंती समारोह प्रदेश के लिए प्रेरणादायक अवसर होगा।

यूसीसी पंजीकरण सम्मान

रजत जयंती उत्सव के तहत चम्पावत जिले में समान नागरिक संहिता– यूसीसी के तहत शत–प्रतिशत पंजीकरण करने वाली 82 ग्राम पंचायतों को जिलाधिकारी मनीष कुमार ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। ग्राम पंचायत बकोड़ा के युवा प्रधान रविन्द्र सिंह रावत ने बताया कि उन्होंने यूसीसी पंजीकरण के तहत अपने गांव में शत–प्रतिशत विवाह पंजीकरण कराया है, जिसके लिए अन्य लोगों के साथ उन्हें भी सम्मानित किया गया।

युवा महोत्सव बागेश्वर

बागेश्वर के नुमाइश खेत मैदान में आज जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में प्रतिभागियों ने लोकनृत्य, लोकगीत और भाषण प्रतियोगिता में रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्जा राज्यमंत्री भूपेश उपाध्याय ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि युवाओं को मंच, अवसर और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, ताकि वे खेल, शिक्षा, संस्कृति और नवाचार में प्रदेश का नाम रोशन करें। युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन सिंह रावत ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। सभी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दलों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में भाग लेने वाली शिवांगी दानू ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं।

अतिक्रमण हटाओ अभियान

आगामी पांच नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा स्नान को देखते हुए आज हरिद्वार जिला प्रशासन ने हर की पैड़ी और आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। नगर पुलिस अधीक्षक अभय सिंह ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसको देखते हुए सभी व्यापारियों से अपील की गई है कि वे प्रशासन का सहयोग करें और खुद अतिक्रमण हटा लें।